
Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

## Hindi Passage Quiz 2

**निम्नलिखित गद्यांश का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर दें:**

देश में पांचवें लॉकडाउन का लागू होना उतना ही जरूरी हो गया था, जितना लॉकडाउन में ढील देना। कड़ाई और ढील की मिली-जुली व्यवस्था ही समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में भी इसी मजबूरी की ओर संकेत करते हुए चेताया है कि देश खुल गया है, अब ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। वाकई सतर्कता आज प्राथमिकता है, तभी हम न केवल अपने कार्य-व्यापार को आगे बढ़ा पाएंगे, स्वयं को सुरक्षित रखने में भी कामयाब होंगे। जाहिर है, लॉकडाउन पांच पिछले लॉकडाउन की तरह नहीं है। अब केवल कंटेनमेंट जोन में ही लॉकडाउन रखना अनिवार्य होगा। साथ ही, इस बार राज्यों की भूमिका वाकई बहुत बढ़ गई है। उन्हें अपने स्तर पर बड़े फैसले करने हैं। मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, बिहार इत्यादि राज्यों ने तो लॉकडाउन को 30 जून तक बढ़ाने का फैसला कर लिया है। कुछ राज्य 15 जून तक ही लॉकडाउन के पक्ष में हैं। आज कुछ राज्य ज्यादा चिंतित हैं, तो समझा जा सकता है। पिछले लॉकडाउन की अगर हम चर्चा करें, तो 14 दिनों में ही संक्रमण के लगभग 86 हजार मामले सामने आए हैं। आंकड़ों को अलग से देखें, तो चिंता होती है, लेकिन दूसरे देशों से तुलना करें, तो अपेक्षाकृत संतोष होता है। हमारा यह संतोष कायम रहना चाहिए।

यह चर्चा जारी रहेगी कि जब देश में 500 मामले भी नहीं थे, तब बहुत कड़ाई से लॉकडाउन लगाया गया था, लेकिन जब मामले दो लाख के करीब पहुंचने लगे हैं, तब अपने पास के लोगों लॉकडाउन में ढील दी जा रही है। जब केंद्र और राज्य सरकारें ढील पर विचार कर रही थीं, तब 30 मई को संक्रमण के मामलों में रिकॉर्ड इजाफा दर्ज हुआ है। अब एक दिन में 8,000 से ज्यादा मामले आने लगे हैं, तो आने वाले दिनों में क्या होगा? मरने वालों की संख्या भी 5,000 के पार जा चुकी है। ऐसे में, जब धर्मस्थल, रेस्तरां, होटल, शॉपिंग मॉल, स्कूल-कॉलेज खुल जाएंगे, तब क्या होगा? जब सड़कों पर सार्वजनिक वाहन दौड़ने लगेंगे, फिर क्या होगा? धर्म और शिक्षा के मंदिर देश में हमेशा से भीड़ भरे रहे हैं। ये हमारे समाज के सबसे कमजोर मोर्चे हैं, जहां संचालकों-प्रबंधकों को विशेष रूप से चौकस रहना होगा। धर्मस्थल के संचालकों की ओर से आ रहे दबाव को समझा जा सकता है, पर वहां फिजिकल डिस्टेंसिंग को सुनिश्चित रखना अच्छे संस्कार, सभ्यता की नई निशानी होगी। धर्म प्रेरित मानवता भी हमें एक-दूसरे की चिंता के लिए प्रेरित करती है। हम सभी न चाहते हुए भी एक-दूसरे को प्रभावित करते रहते हैं। कोरोना के संदर्भ में अनेक लोगों को अब यह नहीं पता चल रहा है कि उन्हें कोरोना किससे लगा? घर से निकलने वाला एक आदमी अगर अनेक लोगों के संपर्क में आएगा, तो यह पता लगाना उत्तरोत्तर कठिन होता जाएगा कि कोरोना की कौन-सी श्रृंखला आगे बढ़ रही है। लॉकडाउन पांच के समय देश ऐसी अनेक तरह की नई चुनौतियों की ओर बढ़ रहा है। संदिग्ध लोगों की निगरानी का काम हाथ-पैर फुला देगा। बेशक, अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार हम देखेंगे और देश के लोगों को राहत देने के लिए यह अपरिहार्य है। ध्यान रहे, हर जगह पुलिस या सरकार खड़ी नहीं हो सकती, हमें स्वयं अनुशासित नागरिक बनकर अपनी और अपने पास के लोगों की पहरेदारी करनी है।

**1. देश मे पाँचवे लॉकडाउन के बाद किन-किन चुनौतियों का सामना करना होगा?**

A. सार्वजनिक स्थलों के खुलने के बाद भीड़भाड़ की स्थिति से निपटना

B. सोशल डिस्टेंसिंग का सख्ती से पालन करवाना

C. लोगों को जागरूक करना

D. B और C दोनों

E. उपरोक्त सभी

**2. 'अच्छे संस्कार तथा सभ्यता की निशानी होगी' ये कथन किन चीज़ो को जहन मे रखते हुये कहा गया है?**

A. सही ढंग से जीवनयापन करना

B. सफलता की ओर अग्रसर होना

C. सोशल डिस्टेंसिंग तथा साफ-सफाई पर ध्यान देना

D. बड़ों की सहायता करना

E. A और C दोनों

**3. संक्रमित व्यक्ति अगर घर से बाहर निकलता है तो इसके सबसे भयावह दुष्परिणाम क्या हो सकते है?**

A. संक्रमित व्यक्ति की मौत हो सकती है

B. किसी दुसरे व्यक्ति की मौत हो जाये

C. संक्रमण श्रंखला बन जाये ओर उसे ढूंड पाना मुश्किल हो जाए

D. B और C दोनों

E. इनमें से कोई नहीं

**4. किन-किन राज्यो ने प्रधानमंत्री के सामने लॉकडाउन को बढाने की मांग की?**

A. केरल, महाराष्ट्र, गोआ, कश्मीर

B. बिहार, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, पंजाब

C. गुजरात, उत्तराखण्ड, कर्नाटक, दिल्ली

D. उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश

E. B और D दोनों

Smartkeeda
The Question Bank

**5. “हाथ-पांव फूलना” मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

A. बिमारी होना　B. संयम खोना　C. सहम जाना

D. साहस दिखाना　E. इनमें से कोई नहीं

**6. “अपरिहार्य” शब्द का सही अर्थ क्या है?**

A. जिस पर हँसा ना जा सके　B. जो परिहास करता हो

C. जिसका त्याग ना किया जा सके　D. जो अनिवार्य ना हो

E. जिसका त्याग किया जा सके

**7. “संस्कार" शब्द का सन्धि विच्छेद क्या होगा?**

A. सन + स्कर　B. स: + कार　C. सम + कार

D. संस + आकर　E. सम् + कार

**8. ”सन्तोष” का समानार्थी शब्द निम्न में से कौन नही है?**

A. तृप्ति　B. अनुग्रह　C. तृष्णा

D. तुष्टि　E. C और D दोनों

Smartkeeda
The Question Bank

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| E | C | C | B | C | C | E | C |

**Explanation:**

1. उपरोक्त गद्यांश के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि लॉकडाउन खुलने के बाद सबसे बड़ी दिक्कत सार्वजनिक स्थलों, दुकानों, होटल पर देखने को मिल सकता है, लगभग तीन महीने के बाद सरकार द्वारा दी गयी छूट लोगों में थोड़ी खुशी है पर रोज की तरह लोग अपने दिनचर्या का पालन करते वक़्त सोशल डिस्टेंसिंग अनदेखी कर सकते हैं जो जानलेवा साबित हो सकता है और ये सरकार तथा आम आदमी के लिये सही नहीं है। इन्हीं सब बातो को मद्देनज़र रखते हुए, सरकार तथा नागरिको की ज़िम्मेदारी बनती है की सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और दूसरों को भी इस बारे मे जागरूक करें।

   अतः विकल्प E सही चयन है।

2. उपरोक्त अनुछेद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि स्वास्थ्य के नजरिये से जब तक महामारी को रोकने का सही प्रतिबंध नही हो जाता तब तक हमें खुद तथा दुसरे को भी गन्दगी तथा भीड़ से बचाना है यही एक अच्छे संस्कार तथा सभ्यता का सटिक उदाहरण होगा। अतः सोशल डिस्टेंसिंग तथा साफ़-सफाई बहुत जरुरी है।

   अतः विकल्प C सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank

3. "घर से निकलने वाला एक आदमी अगर अनेक लोगों के संपर्क में आएगा, ...." उपरोक्त छंद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि संक्रमित व्यक्ति अपनी एक जान के साथ ना जाने कितने लोगो को संक्रमित कर चुका होगा यह कहना असम्भव है, विभिन्न लोगो के सम्पर्क मे आने से श्रंखला का रूप बहुत ही भयावह है। और उससे संक्रमित लोगो को ढूंड पाना कठिन होगा।

   अतः विकल्प C सही चयन है।

4. **"मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, बिहार इत्यादि राज्यों ने ....."** उपरोक्त छंद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि बिहार, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, पंजाब इन राज्यों के मुख्यमंत्री ने लॉक-डाउन बढ़ाने की माँग की।

   अतः विकल्प B सही चयन है।

5. "हाथ पाव फूलना" अर्थात डर जाना या सहम जाना जैसे - जब हमारे सामने मुसीबत आती हैं तो हम उनसे लड़ने के बजाय पीछे भाग जाते हैं, अर्थात हमारे हाथ पाव फूलने लगते हैं।

   अतः विकल्प C सही चयन है।

6. उपरोक्त गद्यांश में प्रयुक्त शब्द “अपरिहार्य” का अर्थ "जिसका त्याग न किया जा सके" है।

अतः विकल्प C सही चयन है।

7. व्यंजन का व्यंजन से अथवा किसी स्वर से मेल होने पर जो परिवर्तन होता है उसे व्यंजन संधि कहते हैं। “म्” के साथ ”क“ से “म“ तक के किसी भी वर्ण के मेल पर ‘म्’ के स्थान पर मिलने वाले वर्ण का अन्तिम नासिक वर्ण बन जायेगा। अतः “संस्कार” का संधि-विच्छेद “सम् + कार” होगा।

अतः विकल्प E सही है।

8. दिए गए विकल्पों में शब्द “तृप्ति“, “अनुग्रह” और “तृष्टि” इन सभी शब्दों का अर्थ “सन्तोष” है जबकि तृष्णा का अर्थ होता हैं प्यास।

अतः विकल्प C सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank

SmartKeeda
The Question Bank

Presents

# TestZone

India's least priced Test Series platform

JOIN

## ALL BANK EXAMS

2020-2021 Test Series

@ Just

₹599/-

**300+ Full Length Tests**

- Brilliant Test Analysis
- Excellent Content
- Unmatched Explanations

JOIN NOW